उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 82 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023 /01-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 27 सितम्बर, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2023, ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2022)/01 के अंतर्गत पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन ग्राम पंचायत अधिकारी के कुल रिक्त 1468 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/ नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर ग्राम पंचायत अधिकारी के विज्ञापित कुल 1468 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटआफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 66691 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटआफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 27.09.2023 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित, जांच के अधीन (Under Investigation-UI) एवं औपबंधिक श्रेणियों के अभ्यर्थी जाँच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होंगे।

उक्त के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र सं0-1279/गोपन/01/07/2023, दिनांक 27-09-2023 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से सम्बन्धित कटऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि व कार्यक्रम के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

संलग्नक-यथोपरि।

27/09/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
संख्याः–1279/गोपन/01/07/2023
लखनऊः दिनांक 27 सितम्बर, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2023, ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0– 2022)/01 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 1468 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कट–ऑफ अंक (PET–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	69.05
2	अनुसूचित जाति	68.54
3	अनुसूचित जनजाति	66.78
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	69.05
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	69.05

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी		कट–ऑफ अंक (PET–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
2	सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक		60.23
3	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
4	महिला		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
5	दिव्यांगजन	एल0वी0 (कम दृष्टि)	55.09
		एच0एच0 (श्रवण शक्ति में ह्रास)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।